22/3/10

जागरूकता अभियान

शहर की विभिन्न रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की संयुक्त इकाई कन्फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए शहर में लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करने में जुटी हुई है। कन्फेडरेशन के महासचिव एएस गुलाटी बताते हैं कि औद्योगिक नगरी में भूजल स्तर करीब 150 फुट तक नीचे चला गया है। ऐसे में इस चिंताजनक स्थिति से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। कन्फेडरेशन ने सभी शहर की सभी आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों को इकट्ठा कर जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। संगठन ने पिछले साल 25 अक्टूबर को अशोका एन्क्लेव में एक सेमिनार का आयोजन किया था। उसके बाद वह शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करने में जुटा हुआ है। पदाधिकारी लोगों को समझाते हैं कि घर के लॉन में पानी का पाइप लगाकर न छोड़ें, घरों की धुलाई में कम से कम पानी का इस्तेमाल करें, कारों की धुलाई न करें, बल्कि कपड़ा गीला कर उससे पोछें। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में लोगों को ईको फ्रेंडली होली खेलने के लिए प्रेरित किया था, जो बिना रंग व पानी के फूलों से खेली गई।